प्रकरण संख्याः— 25/2011
किस्म मुकदमाः— 75 LR (नामा०)

अदालत— जिला कलक्टर मुकाम अजमेर

शान्ति देवी बनाम मन्दिर कपालेश्वर वगैरह

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज Adv अशोक माथुर / Adv R. S. नरूका	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21/05/19	प्रार्थीगण/अपीलान्ट्स एवं अभिभाषक अपीलान्ट्स की ओर से प्रस्तुत अपील विड्रो प्रार्थना पत्र पर पत्रावली आज हमारे द्वारा तलब करने पर पेश हुई। उपस्थित प्रार्थी/अपीलान्ट संख्या 02 तथा वकील अपीलान्ट्स ने प्रार्थना पत्र तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया कि ग्राम पुष्कर के नामान्तरकरण संख्या 1241 दिनांक 18..02.2011 के विरूद्ध उनके द्वारा अपील प्रस्तुत की गई थी। उक्त अपील में ग्राम पुष्कर स्थित विवादग्रस्त भूमि वर्किंग खसरा नं0 437 रकबा 02 बीघा तथा 429 रकबा 1 बिस्वा 10 बिस्वांसी भूमि अपीलान्ट्स के हक में रखते हुए अन्य भूमियों के बाबत अपीलान्ट्स एवं रेस्पो संख्या 01 के मध्य न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 01 अजमेर के समक्ष विचाराधीन वाद संख्या 55/2012 (186/06) में राजीनामा होकर दिनांक 25.4.2019 को डिक्री जारी की जा चुकी है। पक्षकारान के मध्य अब कोई विवाद शेष नहीं रहने से अपीलान्ट्स प्रस्तुत अपील को आगे चलाना नहीं चाहते है। अतः प्रस्तुत विड्रो प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रश्नगत अपील को इसी स्तर पर विड्रो किये जाने से निस्तारित/फैसल शुमार फरमाई जावें। हमने अपीलान्ट्स द्वारा प्रस्तुत विड्रो प्रार्थना पत्र/निवेदित कथनो पर मनन किया। चूंकि अपीलार्थी0 द्वारा अपील, आगे नहीं चलाकर जरिये विड्रो निस्तारित/फैसल शुमार किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः अपीलान्ट्स/अभिभाषक अपीलान्ट्स द्वारा प्रस्तुत, विड्रो प्रार्थना पत्र तथ्यों एवं निवेदित कथनों के मध्यनजर अपील, अपीलान्ट्स इसी स्तर पर विड्रो किये जाने से निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हों। V.M.Sharma (विश्व मोहन शर्मा) जिला कलक्टर, अजमेर	[signature] Advocate / Advocate appellant

Scanned by CamScanner